# ऑपरेशन कवच के तहत सभी जिलों में हुई धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर ऑपरेशन कवच-12.0 के तहत नशीले पदार्थों के धंधे से जुड़े अपराधियों और संगठित अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई दिल्ली पुलिस द्वारा की गई है। इसके तहत दिल्ली के सभी 15 जिलों में 2348 जगहों पर जिला/यूनिटों, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल द्वारा एक साथ ऑपरेशन चलाए गए। समन्वित और लक्षित कार्रवाई की एक श्रृंखला में 55 एनडीपीएस मामलों में 59 नशीले पदार्थों के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में ड्रग्स और नकदी बरामद हुई।

इसके अलावा दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत 231 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 238 व्यक्तियों को गिरफ्तार व हिरासत में लिया गया। इनसे 12 बीयर की बोतलें, 31 बीयर कार्टन, 12 शराब की बोतलें और 50,110 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की गई। 40 ए और बी दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत 1,682 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया



गया। 115 आर्म्स एक्ट मामलों में 117 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें दो पिस्तौल, 16 देसी कट्टे, 25 कारतूस, 98 चाकू, 17 मोबाइल और एक एलआर (लाइसेंस प्राप्त प्रतिबंधित हथियार) बरामद किए गए। जुआ अधिनियम के 149 मामलों में 3,51,730 रुपये नकद बरामदगी के साथ 261 व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया। 31 घोषित अपराधियों, 21 ऑटो लिफ्टरों को 33 वाहनों की बरामदगी के साथ गिरफ्तार किया गया। धारा 66 डीपी अधिनियम के तहत 2276 वाहन भी जब्त किए गए। निवारक कार्रवाई के तहत अपराध करने से रोकने के लिए 703 व्यक्तियों को धारा 126/170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। 4,082 व्यक्तियों को निवारक हिरासत में लिया गया। 25,300 व्यक्तियों को 65 डीपी अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ धारा 128, 129, 126/169 बीएनएसएस और 100 डीपी अधिनियम दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत भी कार्रवाई शुरू की गई। 4,545 बदमाशों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनकी जांच की गई। 4,714 उल्लंघन करने वालों पर कोटपा के तहत मुकदमा चलाया गया।

वर्ष 2025 के दौरान दिल्ली पुलिस ने 2,154 एनडीपीएस मामलों में 2,853 नशीले पदार्थों के अपराधियों को गिरफ्तार किया था और लगभग 76.827 किलोग्राम हेरोइन/स्मैक, 5480.451 किलोग्राम गांजा, 326.859 किलोग्राम अफीम, 70.178 किलोग्राम चरस, 12.649 किलोग्राम कोकीन और लाखों अल्प्राजोलम, ट्रामाडोल और बुप्रेनोरफिन की टैबलेट बरामद की थी। सभी मोर्चों पर इस खतरे से निपटने के लिए, मई 2023 में पूरे दिल्ली में एक संयुक्त और व्यापक ऑपरेशन (ऑपरेशन कवच) शुरू किया गया था, जिसका मकसद नशीले पदार्थों की तस्करी और वितरण में शामिल व्यक्तियों की पहचान करना और उन्हें गिरफ्तार करना था।

### ऑपरेशन कवच 12.0

दिल्ली पुलिस द्वारा ड्रग्स और ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त जीरो टॉलरेंस अप्रोच अपनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस समारोह को ध्यान में रखते हुए, दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा के निर्देशानुसार इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए, नार्को-अपराधियों और संगठित अपराधियों पर समन्वित छापे की कार्रवाई की योजना बनाई गई। क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल सहित 15 जिलों के सभी पुलिस स्टेशनों से 1059 पुलिस टीमों का गठन किया गया ताकि ऑपरेशन को अंजाम दिया जा सके। ह्यूमन इंटेलिजेंस के साथ-साथ टेक्निकल एनालिसिस के माध्यम से जानकारी विकसित की गई। इन टीमों ने एक साथ छापे मारने के लिए संभावित टारगेट चुने। ईमानदारी और कड़ी मेहनत के बाद इन एक साथ ऑपरेशनों को पूरे दिल्ली में प्रभावी ढंग से अंजाम दिया गया। यह छापेमारी 23 जनवरी शाम छह बजे से शुरू होकर 24 जनवरी को शाम छह बजे तक चली।

## अलग-अलग चार ऑपरेशन में दिया था बहादुरी का परिचय

# स्पेशल सेल के 13 बहादुरों को वीरता के लिये पुलिस पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली को सुरक्षित माहौल देने के लिये अहम भूमिका अदा करने वाली स्पेशल सेल के 13 बहादुर अफसरों और जवानों को इस बार गणतंत्र दिवस पर वीरता के लिये पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। दिल्ली पुलिस के पीआरओ विभाग ने बताया कि चार ऑपरेशन में बहादुरी का परिचय देने वाले इन जांबाजों ने अपनी जान की बाजी लगा कुख्यात आतंकी और अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में एसआई राजीव कुमार और एसआई शिबू आर.एस. को हिजबुल मुजाहिदीन के कुख्यात आतंकी जावेद अहमद मट्टू उर्फ इरशाद अहमल मल्ला को गिरफ्तार करने पर वीरता पदक दिया गया है। इस आतंकी पर 10 लाख रुपये का इनाम था और वह जम्मू-कश्मीर के 11 आतंकी मामलों में वांछित था। इसे टीम ने मयूर विहार, डीएनडी टोल प्लाजा के पास रोका था। मट्टू ने सेल की टीम पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। लेकिन बिना भयभीत हुये सेल के तीनों



जांबाजों ने आतंकवादी को घेर लिया और अत्यधिक बहादुरी का परिचय देते हुए उसे काबू कर लिया था। एक अन्य ऑपरेशन में इंस्पेक्टर मनोज के नेतृत्व में एसआई अंशु चौधरी और हवलदार अलीम अहमद ने भी बहादुरी का परिचय दिया था। इन्होंने एनआईए के वांछित रिजवान अली, निवासी दरियागंज को गोलीबारी के बाद पकड़ा था। रिजवान पर 3 लाख रुपये का इनाम था। उसे दिल्ली के तुगलकाबाद गांव के पास रोका गया था। आतंकवादी रिजवान अपने साथियों के साथ पाकिस्तान स्थित आईएसआईएस हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहा था। इस ऑपरेशन में दो पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर रिजवान द्वारा चलाई गई गोलियां लगी थी। एक अन्य ऑपरेशन के लिये इंस्पेक्टर अमित नारा, एसआई ब्रजपाल सिंह, सतीश कुमार और उधम सिंह को वीरता के लिये पुलिस पदक दिया गया है। इस टीम ने कनाडा स्थित नामित आतंकवादी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला के आदेश पर काम कर रहे दो अपराधियों को जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स के लिए काम कर रहे थे को मयूर विहार के पास रोका था। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। इस ऑपरेशन में अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां सेल के बहादुर जवानों ने अपनी बुलेट प्रूफ जैकेट पर खाई। एक और ऑपरेशन में इंस्पेक्टर निशांत, मंजीत जगलान और एसआई अमित भाटी ने बहादुरी दिखाई थी। अर्श डल्ला से जुड़े दो अपराधी व आतंकियों को इस टीम ने सराय काले खां आईएसबीटी के पास रिंग रोड पर रोक लिया था। अपराधियों को हैंड ग्रेनेड की सुरक्षा पिन हटाने से कुछ सेकंड पहले ही काबू कर लिया गया था।

## दिल्ली पुलिस के 33 अधिकारी और जवान राष्ट्रपति पदक से सम्मानित

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के 33 अधिकारियों और जवानों को उनकी सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किए गए हैं। इनमें 14 वीरता पदक, 2 राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक और 17 सराहनीय सेवा के लिये पदक शामिल है। राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदकः सेवानिवृत्त एसआई गैनेन्द्र सिंह राणा को दिया गया है। वह वर्ष 1986 में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल (कार्यकारी) के रूप में शामिल हुए थे। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन और पेशेवर दक्षता का प्रदर्शन किया। फिंगर प्रिंट ब्यूरो की क्राइम टीम में उन्होंने हजरत निजामुद्दीन थाने के 1989 के एयर-होस्टेस हत्या मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने नागरिक रक्षा समिति योजना के लिए एक जनमत सर्वेक्षण में योगदान दिया और संयुक्त राष्ट्र नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरोधी अभियान पर भी काम किया। ट्रैफिक यूनिट में उन्होंने स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में सिखाया जो गणतंत्र दिवस परेड दल का हिस्सा थे, जिसे 1987 में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया था। उन्होंने एमएचए, राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित फिंगर प्रिंट साइंस और हिंदी शिक्षण प्रज्ञा सहित विभिन्न पाठ्यक्रम पूरे किए। दिल्ली पुलिस अकादमी में उन्होंने संयुक्त निदेशक, डीपीए के स्टाफ अधिकारी के रूप में काम किया और समर्पण के साथ आधिकारिक काम संभाला। उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं, जिसमें स्वतंत्रता दिवस 2013 पर सराहनीय सेवा के लिए पदक शामिल है। महिला एसआई नवल कुमारी 1988 में कांस्टेबल (कार्यकारी) के रूप में दिल्ली पुलिस में शामिल हुई। 1988 से 2000 तक वह सीएडब्ल्यू सेल, नई दिल्ली जिले में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा थी। सीबीआई के साथ तीन साल के प्रतिनियुक्ति के दौरान, उन्होंने छापे और जांच में सक्रिय रूप से भाग लिया। एसपीयूडब्ल्यूएसी ब्रांच में उन्होंने स्कूली लड़कियों और कामकाजी महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया। महिला सुरक्षा अभियानों में भाग लिया और कई मामलों में जांच अधिकारियों की सहायता की। उन्हें उनके योगदान के लिए 2005 में सराहनीय सेवा के लिए पदक सहित कई पुरस्कार मिले हैं। सराहनीय सेवा के लिए पदकः सराहनीय सेवा के लिये पदक पाने वालों में ज्वाइंट सीपी मिलिंद महादेव डुंबरे, एसीपी कृष्ण कुमार, विमल चड्ढा, निशा दीक्षित, इंस्पेक्टर रामपाल बिधूड़ी, सुरेश कुमार, लखन लाल मीना, कुलदीप सिंह, महिला एसआई खिलौनी देवी, विक्रम सिंह, महिला एसआई कला जोशी, एसआई राकेश कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार जी, एएसआई राजबीर सिंह, राजेश कुमार यादव और चंदरजीत यादव व सतीश कुमार शामिल है।

## डायल ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को वितरित किये रिफ्लेक्टिव जैकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के साथ मिलकर आ ई जी आ ई एयरपोर्ट के न्यू उड़ान भवन ऑडिटोरियम में एक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधि का आयोजन किया।

■ 300 यूवी प्रोटेक्टेड धूप के चश्मे भी दिये

इस अवसर पर यातायात पुलिस के कई वरिष्ठ अफसर और डायल के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस पहल के तहत डायल द्वारा ट्रैफिक पुलिस को उनके रोजमर्रा की ड्यूटी में सहायता करने के लिए 300 रिफ्लेक्टिव जैकेट और 300 यूवी प्रोटेक्टेड धूप के चश्मे वितरित किए गये। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस कल्याण-उन्मुख गतिविधि के आयोजन में अपने बहुमूल्य समर्थन के लिए डायल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रशंसा के प्रतीक के रूप में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा डायल के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

**स्वचालित सिग्नलिंग का व्यवस्था और सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक नियंत्रण कार्य**

निविदा सूचना संख्या: S&T_CON_2025_08, दिनांक: 16-01-2026. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। निविदा संख्या: Dy.CSTE_CON_NJP_2025_08_04_R; कार्य का नाम : पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के सूर्यकमल से ओल्ड मालदा खंड तक (118 किमी) और कटिहार से मुकुरिया खंड तक (34 किमी) स्वचालित सिग्नलिंग की व्यवस्था का कार्य और ओल्ड मालदा-न्यू जलपाईगुड़ी, कटिहार-मुकुरिया खंड में सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक नियंत्रण (सीटीसी) की व्यवस्था से संबंधित कार्य हेतु परियोजना प्रबंधन सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अभियंता की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रण पत्र (आरएफपी)। कार्य की अनुमानित मूल्य: ₹3,68,42,690/-; अग्रिम राशि: ₹3,34,200/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 13-02-2026 को 12:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

उप सीएसटीई/कॉन, न्यू जलपाईगुड़ी

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
निर्माण संगठन
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिलदार उर्फ नसीम पुत्र अजीजुल निवासी मकान नं. डब्ल्यू–88/208, अमर पार्क, दरभंगा, बिहार और झुग्गी जखीरा, कीर्ति नगर, पश्चिमी दिल्ली** ने **E-FIR No. 019095/23, U/S 379 IPC, अन्तर्गत थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलदार उर्फ नसीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलदार उर्फ नसीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 019095/23, U/S 379 IPC, अन्तर्गत थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिलदार उर्फ नसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री वसुंधरा आजाद**
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**पश्चिमी जिला, कमरा संख्या 146, प्रथम तल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1116/WD/2026(Court Matter)**

## दिल्ली में बेखौफ बदमाशः शास्त्री पार्क में 32 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी में कानून-व्यवस्था और अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में शनिवार रात अज्ञात बदमाशों ने 32 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर सरेआम हत्या कर दी गई। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया है। हत्या का मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 11:24 बजे शास्त्री पार्क थाना पुलिस को बुलंद मस्जिद के पास गोलीबारी की सूचना मिली। जब तक पुलिस की टीम मौके पर पहुंचती, घायल युवक के परिजन उसे आनन-फानन में शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जा चुके थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान समीर उर्फ मुस्तकीम के रूप में हुई है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिसिया कार्रवाई और जांच

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हमलावरों की पहचान करने के लिए बुलंद मस्जिद और आसपास के रास्तों पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि समीर का किसी के साथ कोई पुराना विवाद था या यह आपसी रंजिश का मामला है। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि हमलावरों के हुलिए या उनके भागने के रास्ते के बारे में कोई सुराग मिल सके। फिलहाल, पुलिस जांच जारी है।

### पुलिस की आगे की कार्रवाई

पुलिस की कई टीमें मामले की जांच में जुटी हुई हैं और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही हैं। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस हमलावरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

इस घटना ने एक बार फिर दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजधानी में इस तरह की वारदातें आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती हैं। यह घटना दिखाती है कि अपराधियों में कानून का खौफ कम हो रहा है। इसके साथ ही घटना से यह भी साफ होता है कि दिल्ली पुलिस को अपराध नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी गश्त और निगरानी को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

## नकली कॉस्मेटिक्स और फार्मास्युटिकल ट्यूब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने ऑपरेशन कवच के तहत एक बड़ी सफलता में अवैध मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का पता लगाया है, जो ब्रांडेड नकली कॉस्मेटिक और फार्मास्युटिकल उत्पादों के लिए खाली ट्यूब बनाने में शामिल थी। इस ऑपरेशन में हाई-एंड मशीनरी और हजारों नकली पैकिंग सामग्री बरामद की गई। पुलिस के अनुसार साइबर सेल की एक विशेष टीम ने बवाना इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर-03 में छापा मारा। छापेमारी के दौरान एक पूरी तरह से चालू मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लोकप्रिय ब्रांडों के लिए नकली खाली ट्यूब बनाने में लगी हुई पाई गई। इनमें बेटनोवेट-सी, फेयर एंड लवली और वीट हेयर रिमूवल क्रीम की ट्यूब प्रमुख तौर पर शामिल थी। बताया जा रहा है कि बवाना यूनिट का मालिक फिलहाल वियतनाम में है। जांच में पता चला कि यह अवैध यूनिट आरोपी प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा चलाई जा रही थी, जो इन खाली ट्यूबों को दिल्ली के बिजवासन में स्थित एक फिलिंग और मैन्युफैक्चरिंग सुविधा को सप्लाई करता था। इससे पहले इस मामले में राम, गौरव भगत, प्रमोद कुमार गुप्ता, राहुल अग्रवाल और अनिल रावत नाम के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

### सप्लाई चेन को खत्म किया गया

आगे की कार्रवाई में टीम ने सप्लाई चेन की एक अहम कड़ी सैयद फिरोज हसन (34) निवासी लखनऊ को पकड़ा। वह सदर बाजार, दिल्ली में एक कॉस्मेटिक दुकान चलाता था। पूछताछ के दौरान हसन ने सह-आरोपी राम से नकली क्लोबेटासिल-जी क्रीम खरीदने और उसे सदर बाजार मार्केट में बांटने की बात कबूल की। कच्चे माल के सोर्स और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क सहित पीछे और आगे की कड़ियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है, ताकि नकली दवा और नकली कॉस्मेटिक की पूरी सप्लाई चेन को पूरी तरह से खत्म किया जा सके।

## 40 लाख के साइबर फ्रॉड रैकेट में शामिल नेशनल-लेवल शूटर अरेस्ट

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक नेशनल-लेवल शूटर और मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी एक मल्टी-लेयर साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का प्रमुख सदस्य बताया गया है। यह गिरफ्तारी नॉर्थ वेस्ट जिले के साइबर थाने में दर्ज 25 जून 2025 को दर्ज एक ई एफआईआर के तहत की गई है, जिसमें पीड़ित से कुल 40 लाख 27 हजार 98 रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। आरोपी का नाम हिमांशु चौहान उर्फ शूटर निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश है। इसने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल और 50 मीटर और 300 मीटर राइफल इवेंट में .22 राइफल का इस्तेमाल करके स्टेट-लेवल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीते हैं। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार यह पता चला कि पीड़ित को नकली ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म और धोखाधड़ी वाली स्टॉक ट्रेडिंग और आईपीओ निवेश योजनाओं में फंसाया गया। लेनदेन के अलग अलग माध्यमों से पैसे ट्रांसफर करवाये गये। एनसीआरपी पोर्टल के विश्लेषण से पता चला कि एक बैंक खाते के खिलाफ बेंगलुरु और साइबर साउथ पुलिस स्टेशन, मुंबई में 40 संबंधित शिकायतें और दो एफआईआर दर्ज हैं, जो इस धोखाधड़ी के पैन-इंडिया स्वरूप को स्थापित करता है। पहले गिरफ्तार किए गए सह-आरोपियों से लगातार पूछताछ में पता चला कि हिमांशु चौहान ने सिंडिकेट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसमें उसने व्यक्तियों को प्रति खाता 1 लाख कमाने के वादे पर साइबर फ्रॉड की आय प्राप्त करने के लिए बैंक खाते व्यवस्थित करने के लिए राजी किया था। उसने म्यूल-अकाउंट देने वालों और ऊंचे लेवल के साइबर ऑपरेटरों के बीच एक अहम कड़ी का काम किया और सिस्टमैटिक तरीके से ऐसे अकाउंट एक दूसरे साथी, जो आगरा का रहने वाला है, को आगे पैसे भेजने और धोखे से कमाए गए पैसे को लेयरिंग करने के लिए दिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोहन लाल, पुत्रः पूरन सिंह, पताः सी–252, सी–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, सेक्टर–24, बुद्ध विहार, रोहिणी, दिल्ली** ने **FIR No. 327/2022, U/s 33 D.Ex. Act, पुलिस थाना बुद्ध विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोहन लाल** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोहन लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 327/2022, U/s 33 D.Ex. Act, पुलिस थाना बुद्ध विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **सोहन लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री संयम जैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04, उत्तर–पश्चिम**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1099/RD/2026**

## सीएम रेखा गुप्ता ने दक्षिण दिल्ली की तीन विधानसभाओं में 300 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दक्षिण दिल्ली की तीन विधानसभा क्षेत्रों बदरपुर, संगम विहार और देवली में 300 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल बजट का आंकड़ा नहीं, बल्कि दक्षिण दिल्ली के समग्र परिवर्तन का संकल्प है। इन विकास कार्यों में सड़कें, नालियां, ड्रेनेज सिस्टम, पीने का पानी, स्ट्रीट लाइट, पार्क, डिस्पेंसरी और बारातघर की सुविधा शामिल हैं। इन विभिन्न कार्यक्रमों और जनसभाओं में दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजकुमार चौहान, विधायक चंदन



कुमार चौधरी, कई निगम पार्षद व गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बदरपुर विधानसभा में 85 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह वर्षों से प्रतीक्षित बदलाव की शुरुआत है। ओखला लैंडफिल को समाप्त करने के लिए सरकार मिशन मोड में कार्य कर रही है और क्षेत्र की जनता इस परिवर्तन की प्रत्यक्ष साक्षी बनेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि विकास

■ बदरपुर में 85 करोड़, संगम विहार में 115 करोड़ और देवली में 104 करोड़ रुपये की विकास योजनाएं

कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी, सभी परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी होंगी और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार बदरपुर को स्वच्छ, सुरक्षित, आधुनिक और दिल्ली का आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने संगम विहार विधानसभा में 115 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह उन वर्षों पुराने प्रश्नों का उत्तर है, जो संगम विहार की जनता पूछती रही कि हमारी बारी कब आएगी?" उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने संगम विहार को टूटी सड़कें, ओवरफ्लो सीवर, गंदा पानी और अधूरे वादे दिए, लेकिन अब सरकार हर संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत सड़कों का व्यापक पुनर्निर्माण, मजबूत सीवर एवं ड्रेनेज प्रणाली, सुदृढ़ पेयजल व्यवस्था, गलियों, नालियों और स्ट्रीट लाइट का सुधार किया जाएगा, जिससे लाखों नागरिकों का जीवन अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक बनेगा। मुख्यमंत्री ने देवली विधानसभा में 104 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की शुरुआत करते हुए कहा कि यह विकसित दिल्ली के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## किराड़ी : वायरल तस्वीरों के बाद हरकत में आया शासन -प्रशासन

■ शर्मा कॉलोनी में लोगों ने जलभराव से जताई राहत की उम्मीद

नई दिल्ली। दिल्ली के किराड़ी विधानसभा अंतर्गत शर्मा कॉलोनी की बदहाल स्थिति की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आखिरकार शासन-प्रशासन हरकत में आ गया है। लंबे समय से जलभराव, गंदगी और मच्छरों की समस्या से जूझ रही शर्मा कॉलोनी में अब राहत कार्य तेजी से शुरू कर दिए गए हैं। बता दें कि हाल ही में यहां क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चांदालिया और विधायक अनिल झा ने भी निरीक्षण किया है और दोनों ने यहां की अव्यवस्थाओं को लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप भी लगाए। वहीं, दिल्ली नगर निगम की पार्षद ममता दीपक गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र की जमीनी स्थिति सामने आने के बाद दिल्ली सरकार के सभी संबंधित विभाग सक्रिय हुए और जमीनी स्तर पर काम शुरू हुआ। शर्मा कॉलोनी में पानी की निकासी सुनिश्चित करने के लिए सभी नालियों की व्यापक सफाई कराई जा रही है। वर्षों से बंद पड़ी नालियों को खुलवाया गया है ताकि बारिश और गंदे पानी का बहाव बाधित न हो। पार्षद ममता दीपक गुप्ता ने आश्वासन दिया कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक सफाई और जल निकासी का कार्य लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ काम करने की अपील की, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न बने। पार्षद ममता के अनुसार, जहां नालियों के माध्यम से पानी की निकासी संभव नहीं थी, वहां अस्थायी निकासी मार्ग बनवाकर पंपों की मदद से जमा गंदे पानी को बाहर निकलवाया जा रहा है। इससे कॉलोनी की गलियों में फैले जलभराव से लोगों को धीरे-धीरे राहत मिलने लगी है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) संदीप पुत्र सतवीर निवासी मकान नं. 10, गली नं. 5, प्रकाश विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश (2) अमित पुत्र भंवर सिंह निवासी 1/2/2, गरिमा गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद, यूपी (3) नूर हसन पुत्र इबले हसन निवासी एच–ब्लॉक, गली नंबर जीरो, शहीद नगर, गाजियाबाद, यूपी (4) मनोज पुत्र ओमपाल सिंह निवासी मकान नंबर 308, सी–ब्लॉक, शालीमार गार्डन, गाजियाबाद, यूपी (5) सलीम पुत्र रफीक निवासी ई–59/ए–182, कलंदर कॉलोनी, दिलशाद गार्डन, दिल्ली (6) राशिद पुत्र रियाजुद्दीन निवासी मौसम विहार, पनसौंडा, साहिबाबाद, गाजियाबाद, यूपी (7) अखिल पुत्र फकीर अहमद निवासी मकान नंबर 16/1, सना मस्जिद, इकबाल कॉलोनी, गरिमा गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद, यूपी और (8) सोनू पुत्र नवाब निवासी सी–395, गली नंबर–3, पप्पू कॉलोनी, साहिबाबाद, यूपी** ने **FIR No. 399/2015, U/S 12/09/55 G. Act, अन्तर्गत थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि **उपर्युक्त सभी अभियुक्त** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **उपर्युक्त सभी अभियुक्त** फरार हो गए है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 399/2015, U/S 12/09/55 G. Act, अन्तर्गत थाना सीमापुरी, दिल्ली** के उक्त सभी अभियुक्त **(1) संदीप (2) अमित (3) नूर हसन (4) मनोज (5) सलीम (6) राशिद (7) अखिल** और **(8) सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री आरुषि परवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02**
**कमरा नंबर 25**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली**

**DP/1134/SHD/2026(Court Matter)**

## गुमराह होने से बचें कर दाता:एस के राय

**गाजियाबाद।** नगर निगम तथा शहर का हर नागरिक हाउस टैक्स के निर्णय पर इंतजार में है। शहर के विकास को रफ्तार देने के लिए हाउस टैक्स की अटकी हुई स्थिति का स्पष्ट होना बेहद जरूरी है पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी तथा पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका 1427/2025 की हुई है । जिस पर निर्णय आना अभी बाकी है माननीय उच्च न्यायालय में निर्धारित दिनांक पर सुनवाई हो रही है, याचिका कर्ताओं के अधिवक्ताओं का समय से उपस्थित न होना हाउस टैक्स के निर्णय में बाधा उत्पन्न करना ही है।










## फरीदाबाद महानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन कर मनाया सीएम नायब सिंह सैनी का जन्मदिन

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के अवसर पर फरीदाबाद महानगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सफल कार्यकाल की कामना की गई। हवन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने की। इस मौके पर वरिष्ठ नेता टिपरचंद शर्मा, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविन्द्र चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव अलावलपुर, जिला मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।










## पुलिस के निरीक्षक योगेश कुमार को मिला पुलिस मेडल

**फरीदाबाद।** 26 जनवरी 2026 के अवसर पर फरीदाबाद पुलिस के निरीक्षक योगेश कुमार को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया है। निरीक्षक योगेश कुमार 28 अक्टूबर 2000 को पुलिस विभाग में सिपाही भर्ती हुए थे। अपने 25 वर्ष के करियर के दौरान वह विभिन्न थानों में नियुक्त रहे। इस दौरान उनके द्वारा विभिन्न मामलों का खुलासा किया गया, जिस पर वर्ष 2022 में केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा उनको उत्कर्ष अनुसंधान अधिकारी के पदक से नवाजा गया था। निरीक्षक योगेश कुमार ने 2023 से 2025 के बीच तकनीकी सहायता व गुप्त सूत्रों से 70 से अधिक साइबर ठगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है।



## गणतंत्र को लेकर फरीदाबाद पुलिस की सघन जांच




**फरीदाबाद।** गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से फरीदाबाद पुलिस द्वारा जिले भर में सघन कांबिंग, सर्चिंग की जा रही है। 25 जनवरी को अल सुबह से ही जिला के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना स्तर पर पुलिस टीमों द्वारा व्यक्तियों, वाहनों एवं स्थानों की गहनता से जांच की गई। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से मेट्रो स्टेशन पार्किंग, होटल, धर्मशाला, बस स्टैंड, किरायेदारों के आवास, सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले प्रमुख स्थानों पर विशेष रूप से चेकिंग की गई।

## सात लाख 64 हजार रुपए की धोखाधड़ी, खाताधारक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने व्हाट्सएप हैक कर धोखाधड़ी करने के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी नवीन निवासी जिला शेखपुरा बिहार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ में सेक्टर-6 दिल्ली वासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-4 फरीदाबाद में एक कम्पनी में चीफ फाईनेसर के पद पर काम करता है। 05 अप्रैल को उसके पास कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर के नबंर से 1,79546 रूप एवं 9 अप्रैल को उसी नम्बर से 5,86,250 रुपए भेजने का मैसेज आया जिस पर बताये गये खातों में रूपये भी भेज दिए गए। 11 अप्रैल को जब कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कम्पनी का खाता चैक किया गया तो पाया कि 5,86,250 रुपए की पेमेंट सुशांत नाम के व्यक्ति के खाता में व 1,78,546 रुपए की पेमेंट राहुल ट्रेडिंग के नाम के खाता में की हुई है। जिस पर कम्पनी के अकाउंटेंट ने मैनेजिंग डायरेक्टर के नम्बर से पैसे ट्रांसफर करने का मैसेज दिखाया, तो मैनेजर ने कहा कि उसने किसी भी पेमेंट के लिए मैसेज नहीं किया। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।पूछताछ में सामने आया की आरोपी नवीन ने अमन से खाता लेकर आगे ठगो को दिया था। राहुल खाताधारक व अमन को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी दिल्ली मेट्रो में कार्यरत है।















# सीएम ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज 2047 के विजन पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मॉडल टाउन स्थित छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने देश और दिल्लीवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रीन एनर्जी व अन्य मामलों और बुनियादी ढांचे पर अपनी सरकार का 11 महीने का रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कर्तव्य के प्रति निष्ठा और असाधारण साहस का परिचय देने वाले दिल्ली पुलिस, फायर सर्विस व अन्य विभागों के जवानों को पदकों से सम्मानित किया। समारोह में देश की विविध संस्कृति और देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 जनवरी भारत के आत्मसम्मान, लोकतांत्रिक चेतना और पूर्ण स्वराज के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संविधान निर्माताओं, विशेषकर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया। उन्होंने वर्ष 2025-26 को राष्ट्रीय स्मृतियों और प्रेरणाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण वर्ष बताया।

दिल्ली के इतिहास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहर भारत की आत्मा का प्रतिबिंब है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विजन 2047' के साथ विकसित दिल्ली के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि बीते 11 महीनों में दिल्ली सरकार ने संवैधानिक मूल्यों और 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के तहत जनकल्याण के कई निर्णय लिए हैं।

## 'विकसित दिल्ली' के निर्माण के लिए सार्वजनिक किया रोडमैप

# रेखा गुप्ता ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को छत्रसाल स्टेडियम से दिल्ली की जनता को संबोधित करते हुए अपनी 11 महीने के कार्यकाल वाली सरकार का व्यापक प्रगति रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में हुए क्रांतिकारी बदलावों का लेखा-जोखा साझा करते हुए 'विकसित दिल्ली' के निर्माण के लिए आगामी रोडमैप को भी सार्वजनिक किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 11 महीने के कार्यकाल में ऐतिहासिक स्मृतियों का सम्मान किया। 'उन्होंने वर्ष 2025-26 को राष्ट्रीय स्मृतियों और प्रेरणाओं का वर्ष बताते हुए कहा कि यह गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ, पंडित मदन मोहन मालवीय की 165वीं जयंती, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती, वंदे मातरम के 150 वर्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष का स्मरण वर्ष है।



दिल्ली के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहर बार-बार लुटने के बावजूद हर बार और अधिक मजबूती के साथ खड़ा हुआ है। दिल्ली केवल इमारतों का शहर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतिबिंब है। आज दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विजन 2047' से जुड़कर विकसित भारत के संकल्प के साथ विकसित दिल्ली के लक्ष्य की ओर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है। संवैधानिक मूल्यों और प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को आधार बनाकर सरकार ने बीते 11 महीनों में जनकल्याण के अनेक निर्णय लिए हैं, जो जमीन पर वास्तविक बदलाव ला रहे हैं।

### खिलाड़ियों को देश में सर्वाधिक सम्मान

खेलों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को देश में सबसे अधिक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक पर 7 करोड़ रुपये, रजत पर 5 करोड़ रुपये और कांस्य पर 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जा रही है। एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी प्रोत्साहन राशि बढ़ाई गई है। मुंडका में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है।

### गरीब कल्याण और सुदृढ़ स्वास्थ्य ढांचा

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में 50 अटल कैंटीन शुरू की गई हैं, जहां 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य को सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में बताते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत सरकारी अस्पतालों में आधुनिक आईटी सिस्टम, 1 करोड़ से अधिक आभा आईडी और ऑनलाइन ओपीडी सुविधा शुरू की गई है। आयुष्मान भारत और वय वंदन योजना के माध्यम से अब तक 6 लाख पंजीकरण और 20 हजार मरीजों को लाभ दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 300 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यरत हैं।

### दिल्ली बनेगी एजुकेशन हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 के बजट में 21 प्रतिशत राशि शिक्षा के लिए निर्धारित की गई है। दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट 2025 लागू कर निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर रोक लगाई गई है। नरेला में 1 हजार 300 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक एजुकेशन हब विकसित किया जा रहा है। मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति और कक्षा 10-11 के 1,200 टॉपर्स को मुफ्त लैपटॉप दिए जा रहे हैं।

महिला, श्रमिक और सामाजिक सुरक्षा पर मुख्यमंत्री ने बताया कि निर्माण श्रमिकों को आर्थिक सहायता, गिग वर्कर वेलफेयर बोर्ड का गठन, 500 'पालना' क्रेच केंद्र, 5 हजार नई पेंशन, वरिष्ठ नागरिक गृह, दिल्ली विलेज डेवलपमेंट बोर्ड के तहत 1 हजार 700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं, झुग्गी क्लस्टरों में 700 करोड़ रुपये के विकास कार्य, 1984 सिख दंगा पीड़ितों को सरकारी नौकरी, प्रवासी कश्मीरी परिवारों और कोविड में दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को सहायता प्रदान की गई है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन ट्रांसपोर्ट

बुनियादी ढांचे और परिवहन पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025-26 में कैपिटल एक्सपेंडिचर को दोगुना किया गया है। अगले तीन वर्षों में दिल्ली की सभी सार्वजनिक बसों को 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक बनाने का लक्ष्य है और 11 हजार इलेक्ट्रिक बसें जोड़ी जाएंगी।

### सुरक्षित व समावेशी दिल्ली

मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए पिंक कार्ड, ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन, द्वारका एक्सप्रेसवे, यूईआर-2, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, नए फ्लाईओवर, अंडरपास और एलिवेटेड रोड दिल्ली को डी-कंजेस्ट करने में मदद करेंगे। तिहाड़ जेल को शहर से बाहर स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

## गणतंत्र दिवस : कचरे को कला में बदलने की एमसीडी ने पेश की अनोखी मिसाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य की दिशा में कचरे एवं बेकार सामग्रियों से एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए कचरे को कला में बदलने की अनोखी मिसाल पेश की है। वार्ड 57 पीतमपुरा से निगम पार्षद डॉ. अमित नागपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में एमसीडी ने बेकार और त्यागी गई सामग्रियों से ऐसी कलाकृतियां तैयार की गई हैं, जो न सिर्फ गणतंत्र दिवस की भावना को दर्शाती हैं, बल्कि स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल दिल्ली का संदेश भी देती हैं। डॉ. अमित नागपाल ने बताया कि इन रचनात्मक कलाकृतियों के माध्यम से यह दिखाया गया है कि सही सोच और प्रयास से कचरे को भी उपयोगी और आकर्षक बनाया जा सकता है।



## दिल्ली सरकार ने कैदियों के लिए की विशेष माफी की घोषणा

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी 2026 के अवसर पर दिल्ली सरकार ने पात्र दोषसिद्ध कैदियों को विशेष सरकारी माफी प्रदान करने का निर्णय लिया है। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने बताया कि यह माफी उन दोषसिद्ध कैदियों पर लागू होगी, जिन्हें दिल्ली के आपराधिक न्यायालयों द्वारा दंडित किया गया है तथा जो 26 जनवरी 2026 को दिल्ली की केंद्रीय जेलों में या दिल्ली के बाहर स्थित जेलों में सजा काट रहे हैं, बशर्ते वे निर्धारित शर्तों को पूरा करते हों। उन्होंने बताया कि 65 वर्ष से अधिक आयु के कैदियों एवं महिला कैदियों के लिए माफी योजना इस प्रकार है। 10 वर्ष से अधिक की सजा पर 90 दिन की छूट, 5 वर्ष से अधिक एवं 10 वर्ष तक की सजा पर 60 दिन की छूट, 1 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष तक की सजा पर 30 दिन और 1 वर्ष तक की सजा पर 20 दिन छूट मिलेगी। सूद ने बताया कि अन्य सभी कैदियों के लिए माफी की सीमा इस प्रकार होगी। इसमें 10 वर्ष से अधिक की सजा पर 60 दिन, 5 वर्ष से अधिक एवं 10 वर्ष तक की सजा पर 45 दिन, 1 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष तक की सजा पर 30 दिन और 1 वर्ष तक की सजा पर 15 दिन की छूट मिलेगी। गृह मंत्री ने बताया कि वह कैदी जिन्हें मृत्युदंड दिया गया हो या जिनकी मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में परिवर्तित किया गया हो, निरुद्ध व्यक्ति, सिविल कैदी अथवा सरकारी बकाया की अदायगी से बचने के अपराध में बंद कैदी, एनडीपीएस अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम अथवा जासूसी से संबंधित अपराधों में दोषसिद्ध कैदी, कोर्ट-मार्शल द्वारा दोषसिद्ध, न्यायालय की अवमानना के दोषी, या भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में दोषसिद्ध कैदी, परक्राम्य लिखत अधिनियम एवं अन्य निर्दिष्ट सिविल अपराधों में दोषसिद्ध कैदी हैं वह इस छूट में शामिल नहीं होंगे।

## सरकार के दावों की खुली पोल, किसी भी निजी स्कूल ने नहीं की बढ़ी फीस वापस : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों से बढ़ी फीस पेरेंट्स को वापस कराने को लेकर दिल्ली सरकार को कटघरे में खडा किया है। आप के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी की तरफ से पूछे गए सवालों का शिक्षा मंत्री आशीष सूद से मिले जवाब का हवाला देते हुए कहा है कि शिक्षा मंत्री ने विधानसभा के पटल पर मान लिया है कि पिछले साल मनमाने ढंग से बढ़ाई गई फीस को किसी भी प्राइवेट स्कूल ने पैरेंट्स को वापस नहीं किया है। यह बड़ा खुलासा खुद दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अपने जवाबों से दे दिया है। सौरभ ने एक्स पर कहा कि विधानसभा सत्र में शिक्षा मंत्री आशीष सूद के जवाबों से निजी स्कूलों के साथ सांठगांठ का पर्दाफाश हुआ। पहला, किसी भी निजी स्कूल ने बढ़ी हुई फीस वापस नहीं ली। दूसरा, निजी स्कूलों के वित्तीय ऑडिट के बावजूद दिल्ली सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। तीसरा, डीएम की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश के बावजूद डीपीएस स्कूल के खिलाफ छात्रों के उत्पीड़न के लिए कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। और चौथा, दिल्ली सरकार के पास अप्रैल 2025 में फीस बढ़ाने वाले निजी स्कूलों का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। सौरभ ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही 1 अप्रैल 2025 से शुरू हुए सत्र में लगभग सभी निजी स्कूलों ने अपनी फीस में 20 फीसद से लेकर 80 फीसद तक की भारी बढ़ोतरी की। सौरभ ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा सत्र में शिक्षा मंत्री आशीष सूद से सवाल पूछे। जब उनसे पूछा गया कि कितने स्कूलों का ऑडिट कराया गया, तो जवाब मिला कि कुल 1624 स्कूलों का ऑडिट कराया गया है।

## प्रदूषण फैलाने वाली 12 इकाइयों पर जड़ा ताला

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने नॉन कन्फर्मिंग क्षेत्रों में संचालित प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए करोल बाग ज़ोन के रेगरपुरा इलाके में 12 इकाइयों को सील कर दिया है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई नगर निगम की उस निरंतर मुहिम का हिस्सा है, जिसके तहत रिहायशी इलाकों में अवैध और प्रदूषणकारी गतिविधियों पर रोक लगाई जा रही है। निगम के अनुसार, सील की गई इकाइयों में कांच कटिंग, एसिड आधारित आभूषण निर्माण और अन्य खतरनाक प्रक्रियाओं से जुड़े कार्य किए जा रहे थे, जिससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो रहा था। एमसीडी का कहना है कि इस तरह के एक्शन आने वाले दिनों में भी जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वाली किसी भी इकाई को बख्शा नहीं जाएगा। निगम ने स्पष्ट किया है कि दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की टीम ने नजफगढ़ जोन और शाहदरा नॉर्थ जोन के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मेगा सफाई अभियान चलाया और अतिक्रमण को हटया। बताया गया कि अभियान के दौरान सड़कों, फुटपाथों आदि की व्यापक सफाई की गई। इसके अलावा नालियों से सिल्ट की सफाई, मलबा एवं मिश्रित कचरे को हटाने का कार्य किया गया।

